

आओ, हम सब मिलकर लांछन और भेदभाव मिटाएं

कोरोना महामारी ने सामाजिक लांछन और भेदभावपूर्ण व्यवहार को बढ़ावा दिया है। सामाजिक लांछन किसी व्यक्ति/समूहों जिनमें समान लक्षण या विषेशताएं होती हैं और एक बीमारी के बीच नकारात्मक संबंध है। एचआईवी से संक्रमित लोग लांछन और भेदभाव के कारण समाज में असुरक्षित रहते हैं। यह भेदभाव कोरोना के दौरान बढ़ सकता है।

हमें लांछन और भेदभाव को मिटाने के लिए आवाज़ उठानी चाहिए।

क्या करें ✓

लोगों को सही व सकारात्मक संदेश बताएं, ताकि तनाव कम हो सके।

अफवाहों को रोकने के लिए, तथ्यों के सही या गलत होने की जांच व पड़ताल कर लें।



कोरोना से ठीक हुए व्यक्तियों की सकारात्मक कहानी लोगों को बताएं।



स्वास्थ्य कार्यकर्ताओं, सेवा प्रदाताओं के काम की सराहना करें और उन्हें व उनके परिवारों को समर्थन दें।

एचआईवी से संक्रमित व्यक्ति को स्वास्थ्य संबंधित सेवाएं लेने के लिए सहायक वातावरण बनाएं।

दयालुता, एकता व सहानुभूति को बढ़ावा दें।

क्या न करें ✗

अफवाह, मिथकों और गलत सूचनाओं को दूसरों तक न फैलाएं।



बीमारी को किसी स्थान या जातीयता से न जोड़ें और कोरोना वायरस फैलाने के लिए किसी भी समुदाय या क्षेत्र को दोष न दें।

पीएलएचआईवी और अन्य लोगों के बारे में कि वे कोरोना प्रसारित कर रहे हैं, दूसरों को संक्रमित कर रहे हैं या वायरस फैला रहे हैं, ऐसे बात न करें, इसका अर्थ किसी को जानबूझ कर बीमारी फैलाने के लिए दोष देना है।

स्वास्थ्य कार्यकर्ताओं और आवश्यक सेवा प्रदाताओं से भेदभाव और हिंसा न करें।

डर और दहशत को बढ़ावा न दें।

#TogetherAgainstCOVID19

USAID FROM THE AMERICAN PEOPLE · NATIONAL HEALTH MISSION राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन · सत्यमेव जयते · NACO · new concept Centre for Development Communication · unicef for every child